Regarding direct train services from Giridih to Kolkata and Patna

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी **(गिरिडीह) :** महोदय, मैं झारखंड के गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र से हूं । यहां पलायन एक बहुत बड़ी समस्या है । गिरिडीह जिला हो, धनबाद जिला हो या बोकारो जिला हो, प्रवासी मजदूर अधिकतर मुंबई, सूरत, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता बड़ी संख्या में जाते हैं और पढ़ाई करने के लिए विद्यार्थी भी काफी संख्या में इन जगहों पर जाते हैं । यह दुर्भाग्य है कि इन जगहों पर जाने के लिए झारखंड से एक ही ट्रेन है, जिसमें यात्रियों को काफी परेशानी होती है ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि पारसनाथ, गोमो, धनबाद से मुंबई, सूरत, गुजरात के लिए एक नई ट्रेन शुरू की जाए, जिससे प्रवासी मजदूरों के साथ-साथ पारसनाथ के तीर्थ यात्रियों और व्यापार कर रहे लोगों को इसका लाभ मिल सके । इसी तरह चेन्नई और बेंगलुरु जाने के लिए भी एक ट्रेन झारखंड से चलाई जाए, जिससे वहां पढ़ रहे झारखंड के विद्यार्थी और प्रवासी मजदूरों को राहत मिल सके । न्यू गिरिडीह स्टेशन से कोलकाता जाने के लिए कोई सीधी रेल सेवा नहीं है । पहले आनन्द विहार एक्सप्रेस में गिरिडीह के लिए स्लीपर कोच एवं वातानुकूलित कोच की व्यवस्था थी, जिससे लोगों को कोलकाता और पटना जाने में काफी सुविधा होती थी । वर्ष 2020 में पूर्व रेलवे द्वारा इस ट्रेन के मार्ग को परिवर्तित कर इसे मधोपुर के बाद न्यू गिरिडीह, कोडरमा, गया होते हुए चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड के पास था, किंतु कोरोना काल से यहां रेल सेवा बंद है । मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि कोलकाता से पटना या न्यू गिरिडीह, कोडरमा नई ट्रेन शुरू की जाए, जिसका न्यू गिरिडीह स्टेशन पर स्टॉपेज दिया जाए ।